प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

तार : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : 0751-244238 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail :
jwalidcdc@gmail.Com
Website
http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2023/9526

दिनांक : 07-03-2023

अति-आवश्यक

प्रति,

सचिव/प्राचार्य
समस्त संम्बधित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः- AISHE 2021-22 हेतु उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल (http://aishe.gov.in) पर डेटा अद्यतन करने बावत्।

उपरोक्त विषय में सूचित किया जाता है, कि AISHE 2021-22 हेतु डेटा अद्यतन की प्रकिया 20 जनवरी 2023 तक थी। जो एक बार पुनः शुरू हो चुकी है। AISHE पोर्टल पर सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा डेटा अद्यतन करने हेतु समस्त महाविद्यालयों को कई बार विश्वविद्यालय के कार्यालयीन पत्रों एवं दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। किंतु निम्नलिखित महाविद्यालयों द्वारा आज दिनांक तक उक्त पोर्टल पर डेटा अद्यतन नहीं किया गया है जो निम्नानुसार हैः-

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम
1.	माताप्रसाद तिवारी महाविद्यालय,भिण्ड
2.	फिरदौस महाविद्यालय,ग्वालियर
3.	इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज महाविद्यालय,ग्वालियर
4.	महिर्षी वेद व्यास शिक्षा महाविद्यालय,जंगीपुरा,ग्वालियर

उपरोक्त अंकित महाविद्यालयों द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल पर डेटा अद्यतन नहीं करने के कारण आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल द्वारा गंभीर अप्रसन्नता प्रकट की गई है। भारत सरकार के उक्त पोर्टल पर महाविद्यालयों डाटा अद्यतन करने की कार्यवाही की सतत् मॉनीटरिंग की जा रही है।

महाविद्यालयों द्वारा समयावधि में कई सूचनाओं के उपरांत भी डाटा अद्यतन नही करना विश्वविद्यालय परिनियम-27 का उल्लंघन करता है। अतः उक्त संबध में उपरोक्त अंकित महाविद्यालय प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि वे आज सांय तक उक्त डाटा आवश्यक रुप से अपडेट करें। जानकारी अपडेट नहीं करने पर परिनियम-27 के अंतर्गत संबंधित महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजकर सम्बद्धता समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी समस्त जबावदारी महाविद्यालय की स्वयं की होगी।